सूर्य ग्रह के कारकत्व

सूर्य ग्रह के कारकत्व अर्थात वे विशेष कारण या विषय वस्तुएं आदि जिनसे हम उस समय पूरी तरह प्रभावित होते हैं, जिस समय हम सूर्य ग्रह की दशा, गोचर, योग और अवस्था आदि में पूरी तरह प्रयत्नशील रहते हैं या उस आयु अवस्था आदि पर पहुंच जाते हैं, सूर्य ग्रह के वे सभी विशेष प्रभावित करने वाले तत्व निम्न प्रकार से हैंः-

आत्मा (वेद वाक्य है ''सूर्य आत्मा जगस्तस्थुषश्च'' सूर्य जगत की आत्मा है), सहानुभूति, बल-पराक्रम, उदर (पेट), उत्साह, पित्त, सिर संबंधित रोग, ऊन, शस्त्र, तांबा या सोने से बनी वस्तुएं, प्रकाश, विजय, ऊर्जा, वैभव, अग्नि, शिव भक्ति, धैर्य, राजकर्मचारी, महत्वाकांक्षा, अस्थि, यश, प्रतिष्ठा, शक्ति, सेहत या स्वास्थ्य, नेत्र, पिता, राजा, नेतृत्व की क्षमता, राजनीति, निष्ठा, चिकित्सा विज्ञान, बिजली ऊर्जा, गौरव, प्रशासन योग्यता, ग्रीष्म ऋतु, निरोगी रहने की क्षमता आदि।